कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.02.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

संकाय उन्नयन कार्यक्रम (तृतीय दिवस)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का तृतीय दिवस प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 'महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी' विषय पर सुश्री प्रियंका वर्मा ने कहा कि महिलाओं की कार्यबल से आशय है कि कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत और देश के आर्थिक सामाजिक विकास में उनका योगरान यह लैंगिक समानता का परिचायक है, भारत में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की तुलनात्मक भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य उद्योग राजनीति व प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी करते हुए बताया कि महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का सूचक है। डॉ0 संगीता सिन्हा ने 'महिला स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों' पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि महिलाओं की जीवन के विभिन्न चरणों में स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग समस्याओं का सामना करना होता है। सामाजिक दबाव व पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण ये इन सबकी उपेक्षा करती है, आवश्यक है कि महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए व जागरुकता के द्वारा लैंगिक समानता को बढावा दिया जाए। डॉ0 सुजाता जयराम ने POCSO अधिनियम एवं विशाखा समिति से परिचय कराते हुए कहा कि यह अधिनियम लैंगिक न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जो कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और विशाखा समिति कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक, सहा प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी सहा. प्राध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक ठाकुर ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 श्वेता गायकवाड़ ने किया ।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

संकाय उन्नयन कार्यक्रम (तृतीय दिवस)